भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

आतारांकित प्रश्न सं. 2849

बुधवार, दिनांक 05 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>साइट कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित कंपनियाँ</u>

2849. डॉ. बायरेड्डी शबरी: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांज़िशन के लिए रणनीतिक उपाय (साइट) कार्यक्रम के अंतर्गत, इसकी शुरुआत से लेकर अब तक प्रत्येक घटक में प्राप्त हुए और स्वीकृत किए गए प्रस्तावों की राज्यवार और वर्षवार संख्या कितनी है;

(ख) साइट कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित कंपनियों/कार्यान्वयन करने वाली संस्थाओं की सूची क्या है और उनके ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइज़र बनाने वाले कारखानों के स्थानों के नाम क्या है;

(ग) स्वीकृति मिलने के बाद से चयनित कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रोलाइज़र और ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन का कंपनी-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) साइट कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र प्रोत्साहन और संवितरित किए गए प्रोत्साहनों का कंपनी वार और वर्ष वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) साइट कार्यक्रम को कार्यान्वित करने में आई चुनौतियों और रुकावटों का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (घ): भारत सरकार, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM) का कार्यान्वयन कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन तथा उसके व्युत्पन्नों के उत्पादन, उपयोग एवं निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है।

हरित हाइड्रोजन रुपांतरण हेतु सामरिक हस्तक्षेप (SIGHT) कार्यक्रम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का एक प्रमुख घटक है, जिसके अंतर्गत हरित हाइड्रोजन एवं उसके व्युत्पन्नों के उत्पादन तथा इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। इसका विवरण निम्नानुसार है:

i. घटक-I: इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण हेतु प्रोत्साहन योजना

- भाग-I के अंतर्गत कुल 21 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 8 को आवंटित किया गया है।
- भाग-II के अंतर्गत कुल 23 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 11 को आवंटित किया गया है।
- इसका विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

ii. घटक-II: हरित हाइड्रोजन उत्पादन हेतु प्रोत्साहन योजना (मोड-1)

- भाग-I के अंतर्गत कुल 14 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 8 को आवंटित किया गया है।
- भाग-II के अंतर्गत कुल 14 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 9 को आवंटित किया गया है।
- इसका विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

iii. घटक-II: हरित अमोनिया उत्पादन की खरीद हेतु प्रोत्साहन (मोड-2A के अंतर्गत)

- इसका विवरण अनुलग्नक-III में दिया गया है।

iv. घटक-III: हरित हाइड्रोजन उत्पादन की खरीद हेतु प्रोत्साहन (मोड-2B के अंतर्गत)

- इसका विवरण अनुलग्नक-IV में दिया गया है।

जुलाई, 2026 तक, योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त किसी भी इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण सुविधा अथवा हरित हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा का पूर्ण रूप से चालू नहीं हुई है। परिणामस्वरूप, संबंधित योजनाओं के अंतर्गत अब तक कोई प्रोत्साहन दावा प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा न ही किसी प्रकार का प्रोत्साहन वितरित किया गया है।

(ङ) हरित हाइड्रोजन तथा उसके व्युत्पन्नों के लिए मांग का सृजन, SIGHT कार्यक्रम के कार्यान्वयन में पहचानी गई प्रमुख बाधाओं में से एक है।

इस संबंध में निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. SIGHT मोड-2A (हरित अमोनिया हेतु मांग समेकन)

- भारत भर में 11 उर्वरक इकाइयों को प्रतिवर्ष 6,70,000 मीट्रिक टन (MTPA) हरित अमोनिया (जो हरित हाइड्रोजन का एक व्युत्पन्न है) के उत्पादन एवं आपूर्ति के लिए हरित अमोनिया बिक्री एवं खरीद करार (Sale and Purchase Agreements) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

ii. SIGHT मोड-2B (हरित हाइड्रोजन हेतु मांग समेकन)

- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (IOCL), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (BPCL), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (HPCL) तथा नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL) की रिफाइनरियों को आपूर्ति के लिए प्रतिवर्ष 30,000 टन हरित हाइड्रोजन के उत्पादन एवं आपूर्ति क्षमता का आवंटन किया गया है।

इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित नीतिगत कदम भी उठाए गए हैं:

i. दिनांक 31.12.2030 पर या उससे पूर्व शुरू की गई तथा हरित हाइड्रोजन अथवा हरित अमोनिया के उत्पादन हेतु नवीकरणीय विद्युत का उपयोग करने वाले हरित हाइड्रोजन/हरित अमोनिया संयंत्रों को परियोजना की शुरुआत होने की तिथि से 25 वर्षों की अवधि के लिए अंतर-राज्यीय (इंटर-स्टेट) पारेषण प्रणाली (ISTS) शुल्क के भुगतान से छूट प्रदान की गई है।

ii. विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 की धारा 26 के अंतर्गत इकाइयों को उनके स्वयं के उपयोग (Captive Consumption) हेतु नवीकरणीय विद्युत उपकरणों की स्थापना तथा उनके प्रचालन एवं अनुरक्षण (O&M) के लिए शुल्क संबंधी लाभ प्रदान किए गए हैं।

iii. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) अथवा निर्यातोन्मुख इकाई (EOU) के भीतर स्थित तथा पूर्ण रूप से हरित हाइड्रोजन (या उसके व्युत्पन्नों) के उत्पादन संयंत्रों को विद्युत आपूर्ति करने वाले नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों को ALMM (Approved List of Models & Manufacturers) तथा RLMM (Revised List of Models & Manufacturers) की आवश्यकताओं से छूट प्रदान की गई है।

अनुलग्नक-I

घटक-I: इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण हेतु प्रोत्साहन योजना (भाग-I)

क्र. सं.	सफल बोलीदाता	आवंटित क्षमता (MWPA)	परियोजना का स्थान	निर्धारित चालू होने की तारीख (SCD)
1	Reliance Electrolyser Manufacturing Limited	300	Dhanora, Vadodara, Gujarat	09-08-2026
2	Ohmium Operations Private Limited	137	Apparel Park, Doddaballapura, Bangalore Rural, Karnataka	09-08-2026
3	John Cockerill Greenko Hydrogen Solutions Private Limited	300	Kakinada, Andhra Pradesh	09-08-2026
4	Advait Infratech Limited	100	Gangad, Bavla, Ahmedabad, Gujarat	09-08-2026
5	L&T Electrolysers Limited	300	Suvali, Choryasi, Surat, Gujarat	10-08-2026
6	Matrix Gas and Renewables Limited	63	GIDC, Sanand, Gujarat	28-08-2026
7	Homihydrogen Private Limited	101.5	Mohadi, Jalgaon, Maharashtra	09-08-2026
8	Adani New Industries Limited	198.5	Tunda, Mundra, Kutch, Gujarat	09-08-2026
	कुल	1500		

<u>अनुलग्नक-I</u> (continued)

घटक-I: इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण हेतु प्रोत्साहन योजना (भाग-II)

क्र. सं.	सफल बोलीदाता	आवंटित क्षमता (MWp)	परियोजना का स्थान	निर्धारित चालू होने की तारीख (SCD)
1	Adani New Industries Limited	101.5	Tunda, Mundra, Kutch, Gujarat	26.03.2027
2	Advait GreenEnergy Private Limited	200	Gangad, Bavla, Ahmedabad, Gujarat	26.03.2027
3	Avaada Electrolyser Private Limited	49.5	Land identification under progress	26.03.2027
4	Eastern Electrolyser Limited	30	Sector 83, Noida, Gautam Buddh Nagar, Uttar Pradesh	26.03.2027
5	Greenovate Hydrogen Private Limited (erstwhile GH2 Solar Private Limited)	105	Pipersewa, Bamor, Morena, Madhya Pradesh	26.03.2027
6	Matrix Gas and Renewables Limited	237	GIDC, Sanand, Gujarat	26.03.2027
7	Newage Green Electro Private Limited (SPV: Newage Electrogen One Private Limited)	300	Under finalization (Gujarat)	26.03.2027
8	Newtrace Private Limited	30	Doddanekkundi Industrial Area, Bengaluru, Karnataka	26.03.2027
9	Ohmium Operations Private Limited	137	Apparel Park, Doddaballapura,	26.03.2027

			Bangalore Rural, Karnataka	
10	Suryaashish KA1 Solar Park Private Limited	10	Mehsana, Gujarat	26.03.2027
11	Waaree Clean Energies Solution Private Ltd	300	Shankar Talav, Dungri, Valsad, Gujarat	26.03.2027
	कुल	1500		

अनुलग्नक-II

घटक-II: हरित हाइड्रोजन उत्पादन हेतु प्रोत्साहन योजना (मोड-1) (भाग-I)

क्र. सं.	सफल बोलीदाता	क्षमता (TPA)	परियोजना का स्थान	निर्धारित चालू होने की तारीख (SCD)
1	CESC Projects Limited	10,500	Gopalpur/Paradeep, Odisha	02.02.2027
2	UPL Limited	10,000	Jhagadia, Bharuch, Gujarat	02.02.2027
3	Reliance Green Hydrogen and Green Chemicals Limited	90,000	Moti Khavdi, Jamnagar, Gujarat	02.02.2028
4	HHP Two Pvt Ltd	10,000	Gopalpur, Odisha; MMRDA Region, Maharashtra; Tirupati District, Andhra Pradesh; Hyderabad, Telangana	02.02.2027
5	ACME Cleantech Solutions Pvt Ltd	90,000	Gopalpur Industrial Park, Chamakhandi, Chatrapur, Ganjam, Odisha	02.02.2027
6	Greenko ZeroC Pvt Ltd	90,000	Kakinada, Andhra Pradesh	02.02.2027
7	JSW Neo Energy Limited	3,600	Toranagallu, Sandur Taluk, Ballari, Karnataka	02.02.2027
8	Bharat Petroleum Corporation Limited	2,000	Kochi (500MTPA) Brahmapuram, Ernakulam, Kerala;	02.02.2027

			Bina (1500 MTPA), Sagar, Madhya Pradesh	
	कुल	3,06,100		

अनुलग्नक-II (continued)

घटक-II: हरित हाइड्रोजन उत्पादन हेतु प्रोत्साहन योजना (मोड-1) (भाग-II)

क्र. सं.	सफल बोलीदाता	आवंटित क्षमता (TPA)	परियोजना का स्थान	निर्धारित चालू होने की तारीख (SCD)
1	Oriana Power Limited	10,000	Sagar, Uttar Pradesh	28.02.2028
2	Suryadeep KA1 Project Private Limited	19,000	In Progress	28.02.2028
3	L&T Energy Green Tech Limited	90,000	Gujarat	28.02.2028
4	GH2 Solar Private Limited	10,500	Two tentative locations under consideration	28.02.2028
5	Green Infra Renewable Energy Farms Private Limited	90,000	Tuticorin (Thoothukudi), Tamil Nadu	28.02.2028
6	Waaree Clean Energy Solutions Private Limited	90,000	Tata Steel SEZ, Gopalpur, Ganjam, Odisha	28.02.2028
7	AM Green Ammonia (India) Private Limited	90,000	Tuticorin, Tamil Nadu	28.02.2028
8	Reliance Green Hydrogen and Green Chemicals Limited	49,000	Dahej, Bharuch, Gujarat	28.02.2028

9	Matrix Gas and Renewables Limited	1,500	Yet to be identified	28.02.2028
	कुल	4,50,000		

अनुलग्नक-III

घटक-II: हरित अमोनिया उत्पादन की खरीद हेतु प्रोत्साहन (मोड-2A के अंतर्गत)

क्र. सं.	सफल बोलीदाता	क्षमता के साथ उर्वरक संयंत्रों की सूची (ग्रीन अमोनिया आपूर्ति के लिए)	परियोजना का स्थान	निर्धारित चालू होने की तारीख (SCD)
1	Acme Cleantech Solutions Private Limited	1. Paradeep Phosphate Limited, Paradeep (75,000 MTPA) 2. Coromandel International Limited (CIL), Vishakhapatnam (50,000 MTPA) 3. IFFCO, Kandla (1,00,000 MTPA) 4. IFFCO, Paradeep (1,00,000 MTPA) 5. Paradeep Phosphate Limited, Zuarinagar (25,000 MTPA) 6. Indorama India Private Limited, Haldia (20,000 MTPA)	Balisuan Village, Marshgai Taluka, Kendarapada District, Odisha State	29.04.2029
2	SCC Infrastructure Private Limited (with M/s InSolare Energy Limited)	1. Madhya Bharat Agro Products Limited-III, Dhule (70,000 MTPA) 2. Mangalore Chemicals & Fertilizers Limited, Mangalore (15,000 MTPA)	Dhule, Maharashtra	29.04.2029
3	Jakson Green Limited (in consortium with M/s Ocior Energy India Private Limited, M/s First Element Private Limited & M/s JGGJ Renewable One Private Limited)	1. Coromandel International Limited (CIL). Kakinada (85,000 MTPA)	Gopalpur Industrial Park (TSSEZ), Village/PO: Chamakahndi, Tehsil- Chatrapur, Dist. Ganjam, State- Odisha	29.04.2029

4	NTPC Renewable Energy Limited	1. Krishana Phoschem Limited, Meghnagar (70,000 MTPA)	Exploring location in 2 states: Maharashtra and Madhya Pradesh	29.04.2029
5	Oriana Power Limited	1. Madhya Bharat Agro Products Limited-II, Sagar (60,000 MTPA)	Madhya-Pradesh	29.04.2029
कुल				

अनुलग्नक-IV

घटक-III: हरित हाइड्रोजन उत्पादन की खरीद हेतु प्रोत्साहन (मोड-2B के अंतर्गत)

क्र. सं.	संस्था जिसे काम मिला	संभावित स्थान	आवंटित क्षमता (टन प्रति वर्ष)	निर्धारित चालू होने की तारीख (SCD)
1	L&T Energy Greentech Ltd (LTEG)	Panipat, Haryana	10,000	31.12.2027
2	Ocior Energy	Visakhapatnam Refinery, Andhra Pradesh	5,000	31.07.2028
3	Ocior Energy	Bina Refinery, Madhya Pradesh	5,000	30.03.2028
4	NeuEN Green Energy	Numaligarh, Assam	10,000	30.09.2028
कुल				

*****